# Inauguration of web based “Land Records System” at Tehsil Najibabad and Dhampur district Bijnor – UP

Web based “Land Records System” ( http://upbhulekh.gov.in ) was inaugurated at tehsil Najibad and Dhampur, district Bijnor Uttar Uradesh ) on May 2nd, 2016. It was jointly inaugurated by Shri Sahdev Mishra (PCS) SDM and Shri Nand Kishore DIO NIC at tehsil Najibad. It was inaugurated by Shri Satendra kumar Singh (PCS) SDM and Shri Jagannath Singh tehsildar at tehsil Dhampur in the presence of farmers, tehsil staff, Advocates and other citizens. Web based Land Records system has been designed and developed by National Informatics Centre state unit Lucknow in co-ordination with Board of Revenue, Uttar Pradesh. Present working data in ISFOC font was converted in Unicode and was mapped as per census 2011. Various testing of software and data, training to revenue officers, NIC officers and revenue staff were also conducted at district and Lucknow level. District Bijnor was among the five districts in Uttar Pradesh who had been selected as pilot district for this project.

**(Nand Kishore, Technical Director / DIO NIC Bijnor Uttar Pradesh)**





**Shri Sahdev Mishra (PCS) SDM and Shri Nand Kishore DIO NIC inaugurating the web based Land Records system at tehsil Najibad, district Bijnor (UP)**





**Shri Satendra Kumar Singh (PCS) SDM and Shri Jagganath tehsildar inaugrating the web based Land Records system at tehsil Dhampur district Bijnor (UP)**



अमर उजाला | धामपुर-नगीना | 3/5/16 | मेरठ

# एक क्लिक पर घर बैठे देखें रिकार्ड

## धामपुर तहसील के किसानों का भूलेख रिकार्ड भी ऑनलाइन

- एसडीएम सत्येंद्र कुमार ने कार्यालय का उद्घाटन किया

अमर उजाला ब्यूरो

धामपुर। बिजनौर जिले की धामपुर तहसील के भूलेख रिकार्ड और खतौनी भी ऑनलाइन कर दी गई है। सोमवार को एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह ने कार्यालय का शुभारंभ किया। एसडीएम ने किसानों से घर बैठे इसका भरपूर लाभ उठाने का सुझाव दिया है। उधर, तकनीकी खराबी के कारण पहले ही दिन लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

एसडीएम ने बताया कि अब किसानों को खतौनी लेने के लिए पटवारी और तहसील के चक्कर लगाने की कोई जरूरत नहीं है। खसरा और अन्य भूलेखों को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन किसानों के घर और दुकान पर कंप्यूटर पर नेट के साथ प्रिंटर है, तो ऐसे किसान खतौनी को स्वयं भी प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा किए जाने से किसानों को लाभ मिलेगा। जो किसान बैनामा आदि कराते हैं या उन्हें अपनी जमीन पर लिए लोन की जानकारी प्राप्त करनी है, तो वे स्वयं भी सत्यापन कर सकते हैं। इससे सुविधा होगी।

धामपुर तहसील में कुल 919 गांव है। कुल 4.41287 खातेदार है। इन गांवों में करीब 2, 23211 हेक्टेयर रकबा है। प्रथम चरण में संबंधित खातेदारों की खतौनी व अन्य भूलेख रिकार्ड में ऑनलाइन किया गया है। अब वे देश के किसी भी कोने पर अपनी भूलेख संबंधी रिकार्ड का अवलोकन कर सकते हैं। यह सेवा जनसेवा केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई है। किसानों को खतौनी उपलब्ध कराने का शुल्क केवल 25 रुपये और तहसील के काउंटर से प्राप्त करने का शुल्क 15 रुपये रखा गया है।

धामपुर तहसील में उद्घाटन करते एसडीएम सतेंद्र कुमार सिंह।

नजीबाबाद में ऑनलाइन कार्यालय का शुभारंभ करते एसडीएम।

### यह होगी वेबसाइट

तहसीलदार डॉ. जगन्नाथ सिंह ने बताया कि भूलेख रिकार्ड को ऑनलाइन व्यवस्था के तहत अवलोकित करने के लिए किसानों को नेट पर जाकर वेबसाइट upbhulekh.gov.in खोलनी होगी। बाद में publicr.or पर क्लिक करने पर अपने नाम, गांव, पिता का नाम लिखने पर पूरी डिटेल देखी जा सकती है। यह सुविधा किसान अपने मोबाइल फोन के नेट के जरिये भी प्राप्त कर सकते हैं।

### अब ऑनलाइन मिल सकेगी खतौनी

नजीबाबाद। राजस्व भूलेख विभाग से कंप्यूटरीकृत खतौनी किसान अब घर बैठे ऑन लाइन प्राप्त कर सकेंगे। एसडीएम सहदेव मिश्र और एनआईसी के डीआईओ नंदकिशोर ने नजीबाबाद तहसील के राजस्व भूलेख कंप्यूटर कक्ष में ऑन लाइन खतौनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था का उद्घाटन किया। रजिस्ट्रार कानूनगो आरके शर्मा की उपस्थिति में एसडीएम ने बताया कि कंप्यूटरीकृत खतौनी लेने के लिए पहले किसानों को तहसील आना पड़ता था। खतौनी व्यवस्था ऑन लाइन होने से अब किसान घर बैठे संबंधित जनवाणी एवं लोकवाणी कैंद्र से ऑन लाइन सीधे प्राप्त कर सकेंगे। राजस्व भूलेख विभाग के ऑन लाइन होने से राजस्व वाद संबंधी मामलों का फैसला किसान उसी दिन ऑन लाइन प्राप्त कर सकेंगे। कंप्यूटरीकृत खतौनी व्यवस्था ऑन लाइन होने के उद्घाटन अवसर नायब तहसीलदार श्याम नारायण शुक्ला, राजस्व भूलेख विभाग के लेखपाल सरफुद्दीन, संजय सैनी, मनमोहन आदि उपस्थित रहे।

**News on Web based Land Records Inauguration at tehsil Dhampur and Najibabad district Bijnor (UP) published in Amar Ujala Bijnor(UP) Edition**

# धामपुर तहसील में खतौनी हुई ऑन लाइन

दैनिक जागरण बिजनौर 3/5/2016

- किसानों को नहीं काटने पड़ेंगे तहसील के चक्कर



धामपुर में खतौनी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते एसडीएम।

धामपुर : उत्तर प्रदेश के पांच जनपदों की दस तहसीलों में खतौनी ऑन लाइन कर दी गई है। इससे अब किसानों को तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। किसान इसका ब्योरा नेट के जरिए देख सकते हैं। स्थानीय तहसील परिसर में सुविधा का शुभारंभ एसडीएम ने किया।

धामपुर तहसील क्षेत्र में 920 गांव है। इनमें चार लाख से अधिक किसान है। किसानों को खतौनी लेने के लिए तहसील मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। कई बार तो किसानों को लेखपाल के आगे-पीछे घूमना पड़ता था। अब पांच जनपदों की दस तहसीलों में खतौनी ऑन लाइन कर दी गई है। इसमें बिजनौर जनपद की धामपुर व नजीबाबाद तहसील को भी शामिल किया गया है। खतौनी ऑन लाइन होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। वह कहीं भी एक क्लिक कर अपनी खतौनी का ब्योरा देख सकते है। रविवार को इसका शुभारंभ एसडीएम सत्येन्द्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने किसानों को खतौनी भी वितरित की। इस दौरान तहसीलदार डा. जगन्नाथ सिंह, नायब तहसीलदार नीरज शर्मा समेत गजेन्द्र सिंह, उमाशंकर शर्मा, शहजादा परवेज, नितिन अग्रवाल आदि अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

**News on Web based Land Records Inauguration at tehsil Dhampur district Bijnor (UP) published in Danik Jagran Bijnor (UP)**

# भूमि संबंधी जानकारी को नया साफ्टवेयर लांच

दैनिक जागरण बिजनौर 3/5/2016

- एसडीएम एवं डीआईओ ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ



तहसील परिसर में आनलाइन भूलेख साफ्टवेयर कार्यालय का शुभारंभ करते एसडीएम।

**नजीबाबाद** : अब किसान को नई फर्द लेने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। जिला प्रशासन ने किसानों को भूमि नई-नई सम्बन्धी जानकारी देने के लिए साफ्टवेयर लांच किया है। नजीबाबाद में एसडीएम सहदेव मिश्रा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नंद किशोर ने संयुक्त रूप से फीता काटने के साथ किसान को फर्द देकर किया।

राजस्व विभाग से भूमि संबंधी जानकारी के लिए जारी होने वाली फर्द पर दर्ज जानकारी और कामन सर्विस सेंटर से जारी होने वाले रिकार्ड में अंतर होता था। शासन ने इस अंतर को समाप्त करने के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के अफसरों को स्थाई समाधान के निर्देश दिए थे। इस पर जिला सूचना विज्ञान केंद्र अधिकारी नंद किशोर की अगुवाई में साफ्टवेयर तैयार किया गया। इस साफ्टवेयर के लागू होने के बाद किसान को तहसील काउन्टर और कामन सर्विस सेंटर पर जमीन सम्बन्धी एक सामान जानकारी मिलेगी।

सोमवार को नजीबाबाद में एसडीएम सहदेव मिश्रा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नंद किशोर ने संयुक्त रूप से फीता काटने के साथ किसान को फर्द देकर किया। एसडीएम सहदेव मिश्रा ने बताया कि इस साफ्टवेयर के लागू होने के बाद आर-सिक्स में दर्ज होने वाले विरासत, दाखिल खारिज एवं जमीन संबंधी विवरण इस साफ्टवेयर पर भी लागू किया जाएगा।

**News on Web based Land Records Inauguration at tehsil Najibabad district Bijnor (UP) published in Danik Jagran Bijnor (UP)**

दैनिक हिन्दुस्तान, बिजनौर 3/5/2016

# भूमि संबंधी साफ्टवेयर लांच



नजीबाबाद तहसील में सॉफ्टवेयर का शुभारम्भ करते एसडीएम। ● हिन्दुस्तान

**नजीबाबाद | हमारे संवाददाता**

राजस्व और कॉमन सर्विस सेंटर के रिकार्ड में अक्सर अंतर आने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब किसान को नई फर्द लेने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सोमवार को जिला प्रशासन ने किसानों को भूमि संबन्धी जानकारी देने के लिए साफ्टवेयर लांच किया।

सोमवार को तहसील नजीबाबाद में भू- अभिलेखो सम्बधित जानकारी के लिए नए सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया। एसडीएम सहदेव मिश्रा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नंद किशोर ने संयुक्त रूप से किसान को फर्द देकर सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया। अक्सर किसानो को राजस्व विभाग से जारी होने वाली भू अभिलेखों की जानकारी में राजस्व रिकार्ड और कॉमन सर्विस सेंटर से जारी विवरण में अंतर आ जाता था, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। शासन ने इस अंतर को समाप्त करने के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को स्थाई समाधान के निर्देश दिए थे। जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र अधिकारी नंद किशोर के नेतृत्व में साफ्टवेयर तैयार किया गया और नजीबाबाद तहसील में शुभारंभ किया। उक्त साफ्टवेयर के लागू होने के बाद किसान को तहसील काउंटर और कामन सर्विस सेंटर पर जमीन सम्बन्धी एक सामान जानकारी मिलेगी। एसडीएम सहदेव मिश्रा ने बताया कि इस साफ्टवेयर के लागू होने के बाद आर-सिक्स में दर्ज होने वाले विरासत, दाखिल खारिज एवं जमीन सम्बन्धी विवरण इस साफ्टवेयर पर भी लागू किया जाएगा।

## होगी आसानी

- राजस्व और कॉमन सर्विस सेंटर के रिकार्ड रहेंगे समान
- एसडीएम एवं डीआईओ ने किया शुभारंभ

**News on Web based Land Records Inauguration at tehsil Najibabad district Bijnor (UP) published in Danik Hindustan Bijnor (UP)**